संदेश

ईस्टर के पावन अवसर पर, मैं भारत और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को, विशेष रूप से ईसाई समुदाय के भाई-बहनों को बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

प्रभु यीशु मसीह के पुन: अवतरित होने की खुशी में मनाया जाने वाला यह त्योहार करुणा और प्रेम का प्रतीक है। यह पर्व संदेश देता है कि सत्य शाश्वत है। यह एक ऐसा अवसर है जो हमें त्याग और क्षमा के मार्ग पर प्रशस्त करता है। प्रभु यीशु का जीवन हमें शांति और सौहार्द की शिक्षा देता है।

आइए, इस अवसर पर हम उनके जीवन मूल्यों को अपनाएं और समाज में प्रेम, स्नेह व भाईचारे को मजबूत करते हुए राष्ट्र के निर्माण में योगदान करें।

****